हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 05 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

दुनियाभर में आज ईस्टर मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि यह पवित्र अवसर लोगों को सत्य का पालन करने, विनम्रता अपनाने और सभी के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है।

****
****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल शाम जींद जिले के सफीदों में धन्यवाद एवं विकास रैली में क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने विपक्ष की जम कर आलोचना की -

मुख्यमंत्री ने जो घोषणाएं की उनमें सफीदों के अस्पताल को 100 बैड में अपग्रेड करना, सिवाना माल गांव तथा गांव खातला में पशु अस्पताल का नया भवन बनाना, सफीदों में रामसर पार्क तथा ऑडिटोरियम का निर्माण करवाना, तथा सफीदों शहर में छात्रों के लिए ई-लाइब्रेरी स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही पानीपत मार्ग से नगरपालिका की सीमा में महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा की सफीदों में बीएससी नर्सिंग कॉलेज के भवन का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। सफीदों में कन्या राजकीय महाविद्यालय की चारदीवारी का भी पुनः निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव खेड़ा खेमावती के प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के जर्जर भवन को नकारा घोषित करके नए कमरों का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने अनाज मंडी सफीदों में सड़क की मरम्मत

व नए शेड कवर व अन्य कामों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सफीदों व पिल्लूखेड़ा के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण, चौड़ा करने तथा मरम्मत के लिए 6 करोड़ रुपये देने और सफीदों में साढ़े 9 करोड़ रुपए की लागत से नया विश्रामगृह बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि पिल्लूखेड़ा में जमीन उपलब्ध होने पर सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई अनाज मंडी पिल्लूखेड़ा का जमीन उपलब्ध़ होने पर अतिरिक्त विस्तार किया जाएगा। इसके इलावा विभिन्न स्थानों के लिए सिंचाई, बिजली ट्रांसफ़ार्मर की क्षमता बढ़ाने, सड़क और ड्रेन पर पुलों के निर्माण के लिए भी की घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की राशि देने की भी घोषणा की।

****
****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सफीदों में गत दिनों हुई गैस त्रासदी में मृतकों के परिजनों से उनके आवास पर जाकर मिले। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह पीड़ितों के साथ है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों के बच्चों की शिक्षा और घायलों के इलाज का खर्चा सरकार वहन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा और दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

****
****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता वैश्विक संकट के समय भी सस्ती राजनीति कर जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क में

कमी कर जनता को राहत देने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 4,032 पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबरा कर अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपील की।

****

****

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारायणगढ़, अंबाला छावनी और अंबाला शहर अनाज मंडियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं एवं सरसों की खरीद को लेकर किए गए प्रबंधों और व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मंडियों में पेयजल, साफ-सफाई, फसल खरीद एवं उठान और भुगतान व्यवस्था बेहतर रखी जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

****

****